# आकाशवाणी शिमला

## 24.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

## मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पेपर लीक व परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में फास्ट ट्रैक न्यायालय बनाने और कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए मसौदा विधेयक को दी मंजूरी।
- लाहौल स्पीति में उदयपुर–किलाड़ सड़क मार्ग पर कडू नाला के समीप वाहन पर चट्टाने गिरने से 13 लोगों की मौत–एक घायल।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से विदेशी भाषा के पाठ्यक्रम शुरू करने की संभावनाएं तलाशने के दिए निर्देश।
- राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोटा ने हासिल किया राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक प्रमाण पत्र– केंद्र से अगले 3 वर्ष तक प्रतिवर्ष मिलेगी 2 लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि।
- लाहौल–स्पिति की राजा घेपन की ऐतिहासिक मलाणा यात्रा कल से होगी शुरू– श्रद्धालुओं में भारी उत्साह।

## पेपर लीकपर विधेयक

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में फास्ट–ट्रैक न्यायालय बनाने और कड़ी सज़ा सुनिश्चित करने के लिए एक मसौदा विधेयक को मंजूरी दे दी है। संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रीमंडल की बैठक में इसे मंजूरी दी गई। इस विधेयक को अगले सप्ताह संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने कल एक वीडियो संदेश में घोषणा की थी कि पेपर लीक के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई के प्रावधानों वाला एक विधेयक संसद में पेश किया जाएगा।

## नड्डा

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली मे कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। नड्डा ने बताया कि बैठक के दौरान परीक्षा प्रणाली में सुधार संबंधी पार्टी की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना गया। उन्होंने बताया कि कॉक्रोच जनता पार्टी ने तीन मुख्य मांगें रखीं और परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक पर रोक लगाने के लिए कुछ सुधारों का सुझाव भी दिया। जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार कल प्रतिनिधिमंडल के साथ एक और दौर की चर्चा करेगी।इस बीच, प्रतिनिधिमंडल में शामिल कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने दावा किया कि सरकार ने सैद्धांतिक रूप से उनकी दो मांगों पर सहमति दे दी है।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पब्लिक एग्जामिनशंस संशोधन विधेयक को मंजूरी दिए जाने का स्वागत किया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने इसे देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य की रक्षा की दिशा में ऐतिहासिक और निर्णायक कदम बताया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा कानून को और अधिक सख्त बनाते हुए पेपरलीक माफिया के खिलाफ कठोर दंड का प्रावधान करना ये स्पष्ट संदेश देता है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए देश में कोई स्थान नहीं है।

**दुर्घटना**

लाहौल–स्पिति ज़िला में उदयपुर–किलाड़ सड़क मार्ग पर कडुनाला के समीप पहाड़ी से अचानक गिरी चट्टान की चपेट में आने से एक वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और इस हादसे में 13 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की सुचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत व बचाव कार्य शुरू कया। हमारे लाहौल–स्पिति ज़लाा संवाददाता ने बताया कि 12 मृतकों की शिनाख्त हो गई है जबकि एक शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। इस दर्दनाक हादसे में एक 6 माह के शिशु की भी दुखद मृत्यु हुई है। ये वाहन कुल्लू से पांगी जा रहा था।

**शोक**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस सड़क दुर्घटना में 13 लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने उपायुक्त लाहौल–स्पीति को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता और घायल को बेहतरीन इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कडूनाला वाहन दुर्घटना पर गहरा दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों से अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से विदेशी भाषा के पाठ्यक्रम शुरू करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए हैं। आज शिमला में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार राज्य इलैक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के माध्यम से कुशल युवाओं को विदेशों में रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को आवश्यक भाषा कौशल का ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से विदेशी भाषाओं के नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। उन्होंने श्रम व रोज़गार विभाग को विभाग की सभी प्रमुख योजनाओं का विवरण प्रभावी निगरानी के लिए मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पर अपलोड करने को कहा। बैठक में मंत्रिमंडल के सदस्य हर्षवर्धन चौहान व जगत सिंह नेगी के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**पीएचसी भोटा**

हमीरपुर ज़िला के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोटा ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आवश्यक मानक प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। प्रदेश में अब तक केवल 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ही ये राष्ट्रीय प्रमाण पत्र मिला है। इस उपलब्धि के साथ केंद्र की ओर से भोटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अगले 3 सालों तक 2 लाख रूपये प्रतिवर्ष प्रोत्साहन राशि के रूप में मिलेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे हमीरपुर ज़िला संवाददाता........

**घेपन यात्रा**

जनजातीय ज़िला लाहौल–स्पिति की समृद्ध देव परंपरा की प्रतीक राजा घेपन की ऐतिहासिक मलाणा यात्रा कल 25 जुलाई से शुरू हो रही है। करीब दो दशक बाद आयोजित हो रही ये यात्रा 7 दिनों में पूरी होगी। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल–स्पिति ज़िला संवाददाता..........

**केवल पठानिया**

उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज दूसरे दिन भी कांगड़ा ज़िले की बोह घाटी में आपदा प्रभावितों से मुलाकात कर उन्हें राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोह में बनाए गए राहत शिविर में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी करवाया। इस दौरान डेढ़ सौ लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध करवाई गईं। केवल सिंह पठानिया ने कांगड़ा व चंबा ज़िलों की सीमा पर स्थित लाम गांव में भूस्खलन से हुए नुकसान का जायज़ा लिया और प्रभावितों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

**नशामुक्त कार्यक्रम**

नशामुक्त समाज और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से सिरमौर ज़िला मुख्यालय नाहन में ज़िला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वच्छ जीवन अपनाने का संदेश दिया। युवा मामले व खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ज़िले के सभी शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, वाद–विवाद और नुक्कड़–नाटक जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पेपर लीक व परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में फास्ट ट्रैक न्यायालय बनाने और कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए मसौदा विधेयक को दी मंजूरी।
- लाहौल स्पीति में उदयपुर–किलाड़ सड़क मार्ग पर कडू नाला के समीप वाहन पर चट्टाने गिरने से 13 लोगों की मौत–एक घायल।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से विदेशी भाषा के पाठ्यक्रम शुरू करने की संभावनाएं तलाशने के दिए निर्देश।
- राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोटा ने हासिल किया राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक प्रमाण पत्र– केंद्र से अगले 3 वर्ष तक प्रतिवर्ष मिलेगी 2 लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि।
- लाहौल–स्पिति की राजा घेपन की ऐतिहासिक मलाणा यात्रा कल से होगी शुरू– श्रद्धालुओं में भारी उत्साह।

.........................................................................................................................